भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1748
मंगलवार, दिनांक 06 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना</u>

1748. श्री नीरज डांगी: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अब तक प्राप्त आवेदनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत कितने लोगों को बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया; और

(ग) पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर सरकार द्वारा खर्च की जाने वाली धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (ग): पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत दिनांक 31 जुलाई, 2024 की स्थिति के अनुसार, कुल 15,65,320 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस योजना का कुल वित्तीय परिव्यय 75,021 करोड़ रु. है तथा एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य है।

*****